तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 हड़ताली स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली बाइक रैली





बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें 7400009183

B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि - 04/09/25

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

7000786116, 9300850065


# डाकघर की इलेक्ट्रानिक मनीआर्डर योजना से घर में पहुंच रही नकद राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

डाकघर में शुरु हुई इलेक्ट्रानिक मनीआर्डर योजना से आम लोगों को पूर्व की तरह पैसा का इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। जिस दिन किसी भी पोस्ट ऑफिस से कहीं के लिए भी ई मनीआर्डर कियसा जाएगा उस दिन ही मनीआर्डर की राशि संबंधित व्यक्ति को उस स्थान के डाकघर से तत्काल उपलब्ध करायी जाएगी। सीनियर सीटीजन व्यक्ति को घर जाकर मनीआर्डर की नगद राशि देने की भी सुविधा दी गई है।

पोस्टऑफिस की पुरानी व्यवस्था को अब धीरे धीरे बदला जा रहा है। बैंकों के तर्ज पर पोस्ट आफिस के ग्राहकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम शुरु हो चुका है। सबसे पहले मनीआर्डर की पुरानी व्यवस्था को बदला गया। एक दौर था जब मनी आर्डर करने के एक सप्ताह बाद संबंधित व्यक्ति को मनी आर्डर की राशि मिला करती थी। अब डिजिटल युग में पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए ई मनी आर्डर की योजना लागू की गई है। इस योजना के लागू होने के बाद कोई व्यक्ति जो तत्काल अपने किसी परिजन को जो पोस्ट आफिस से दूर हैं पैसा भेजना चाहते हैं वह ई मनीआर्डर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इस योजना से कोई भी व्यक्ति जब किसी को मनी आर्डर भेजेगा तो संबंधित व्यक्ति को तत्काल उतनी राशि का मनीआर्डर संबंधित पोस्ट आफिस की शाखा से उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस योजना का सबसे बेहतर लाभी ऐसे सीनियर सिटीजन को मिल रहा है जिनके घर से पोस्ट ऑफिस दूर है और आने में भी असमर्थ हैं, ऐसे सीनियर सिटीजन को उनके घर जाकर मनीआर्डर की राशि डाकिये के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजना का प्रचार प्रसार विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

## सीनियर सिटीजन को घर बैठे मिल रहा लाभ

**खास बातें**

- 10 हजार तक ही कर सकते हैं ई-मनीआर्डर
- विभाग योजनाओं के प्रचार के लिए चला रहा अभियान



### अब बैंकों की तरह मिलने लगी सुविधा

पोस्ट ऑफिस में बैंकों की तर्ज पर सुविधाएं मिलने लगी है। किसान सम्मान निधि से लेकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित महतारी योजना, जनधन खाता भी पोस्ट ऑफिस में खोले जा रहे हैं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से मिलने वाली राशि भी अब पोस्ट ऑफिस में भेजे जानी लगी है। जिन हितग्राहियों के खाते पोस्ट ऑफिस में खोले गए हैं उन्हें शासन से मिलने वाली पेंशन राशि या महतारी योजना की राशि उनके खाते में ही भेजी जाने लगी है। जब कि पूर्व में यह बैंकों में ही यह उपलब्ध हुआ करती थी।

## तीन डॉक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम, कराई गई वीडियोग्राफी

# जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता 6 साल बाद गर्भवती हुई थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया और ऑपरेशन के दौरान उसने जुड़वा बच्चों को भी जन्म दिया लेकिन

**खास बात**

- मेडिकल हॉस्पीटल का मामला, 6 साल बाद विवाहिता हुई थी गर्भवती

इस बीच उसकी तबियत बिगड़ती चली गई और अलसुबह उसकी मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को पता चला कि महिला की मौत हो गई है फिर क्या था पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बाद में प्रशासन पुलिस की टीम पहुंची और मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। जिसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। अब मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा कि आखिर विवाहिता की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोहड़िया पुरानी बस्ती निवासी नंदिनी साहू 30 वर्ष पति किरतन लाल साहू गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर नंदिनी साहू को रविवार को मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया था जहां चिकित्सकों ने नंदिनी का ऑपरेशन किया और उसने 2 जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस बीच अत्यधिक रक्तस्त्राव की वजह से नंदिनी की तबियत बिगड़ती चली गई और सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरु कर दिया। प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को आश्वासन दिया गया और तीन डॉक्टरों की टीम ने मृतका का पोस्टमार्टम किया है और पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी कराई गई है।



मृतका के परिजन।

### क्या है परिजनों का आरोप

मृतका के परिजनों का कहना है कि महिला को समय पर उचित उपचार और ब्लड बैंक से रक्त उपलब्ध नहीं कराया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक जरूरत पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध नहीं कराता, जिसके कारण उनकी पुत्री की जान चली गई। इस मामले पर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि घटना की जांच डॉक्टरों की टीम से कराई जाएगी। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिला की मौत से परिवार में शोक की लहर है। दो नवजात बच्चों के सिर से जन्म लेते ही मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। परिजन अब न्याय की मांग कर रहे हैं।

### कराई जा रही जांच

मृतका के परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है जिस पर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की मांग पर तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम की है और पूरे मामले की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। जांच में जो भी मामला सामने आएगा उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

-रविकांत जाटवर
असिस्टेंट मेडिकल सुप्रीटेंडेंट

### सर्पदंश पीड़िता को इलाज न मिलने पर हंगामा



कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सर्पदंश की शिकार एक महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन मौके पर एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। गंभीर हालत में तड़पती महिला को करीब एक घंटे तक डॉक्टर का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान परिजन और मोहल्ले के लोग अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे। रविवार शाम लगभग 8 बजे मोहलाइन भाटा निवासी महिला को जहरीले सांप ने काट लिया था। परिजन उसे तुरंत कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। लेकिन अस्पताल में उस वक्त कोई जिम्मेदार डॉक्टर मौजूद नहीं था। नर्स स्टाफ ने डॉक्टर का इंतजार करने की बात कही, जिसके चलते पीड़िता बिना उपचार तड़पती रही। करीब एक घंटे बीत जाने के बाद भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे आक्रोशित परिजन और वार्डवासी अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाइश देकर शांत कराया। तत्पश्चात गंभीर रूप से बीमार महिला को एम्बुलेंस से कोरबा जिला अस्पताल रेफर किया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना की सूचना तत्काल जिला चिकित्सा अधिकारी एस.एन. केशरी और बीएमओ रश्मि सिंह को दी गई थी। उस वक्त सीएचएमओ कटघोरा में अपने परिवार के साथ गणेश उत्सव में शामिल थे। आरोप है कि जानकारी होने के बावजूद उन्होंने घटना पर कोई तत्परता नहीं दिखाई। इसके बाद जब मामले की जानकारी कटघोरा विधायक को दी गई, तो उन्होंने सीएचएमओ को तुरंत अस्पताल पहुंचने के निर्देश दिए।

## थैले में मिला नवजात मामला दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगनाला गांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक किसान की बाड़ी में काम कर रहे लोगों को अचानक किसी नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। जब सभी मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक नवजात बच्ची को थैले में बंद कर फेंक दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल हॉस्पीटल रिफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगानाला की है। यहां सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे सत्तेसिंह मरकाम के खेत में नवजात बच्ची के रोने बिलखने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक नीले रंग के थैले में एक नवजात बच्ची मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने बच्ची को पाली स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नवजात बच्ची को मेडिकल हॉस्पीटल रेफर कर दिया गया है। पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि नवजात बच्ची मिलने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### कृषि स्थायी समिति की बैठक कल

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की कृषि स्थायी समिति की बैठक 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे समिति की सभापति श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश की अध्यक्षता में जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### प्रत्येक मंगलवार-शुक्रवार को होगा शिशु संरक्षण माह

**कोरबा।** भारत शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा। जिले में शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जा रहा है। साथ ही एनीमिया स्क्रीनिंग कि जा रही है, स्तनपान के लाभ से सम्बन्धित जानकारी दिया जा रहा है तथा टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके लगाये जा रहे हैं।

### नगर सैनिक भर्ती, चयनित अभ्यर्थियों को उपस्थित होने निर्देश

**कोरबा।** जिले में छात्रावास ड्यूटी हेतु 65 महिला नगर सैनिक एवं जनरल ड्यूटी हेतु 25 नगर सैनिकों की भर्ती की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 10 सितंबर तक कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कोरबा में उपस्थिति देने एवं वैध फोटो युक्त परिचय पत्र लाने निर्देशित किया गया है।

### आदि कर्मयोगी के तहत चलेगा विशेष सेवा अभियान

**कोरबा।** प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के जीवन एवं उनके ग्रामों में प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। यह अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इसी के अनुरूप भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वर्तमान में कैडर आधारित मॉडल के माध्यम से, जो कि भागीदारी योजना निर्माण एवं अंतर विभागीय अभिसरण पर आधारित है ''आदि कर्मयोगी अभियान'' का शुभारंभ किया गया है, ताकि उत्तरदायी शासन को संस्थागत रूप दिया जा सके एवं आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित किया जा सके । इस अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष सेवा अभियान चलाया जायेगा।

# बाल संप्रेक्षण गृह के मामले में कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) कोरबा में संस्थागत हुए चार अपचारी बालकों के 31 अगस्त की सुबह लगभग 8.10 बजे बाथरूम के वेंटिलेशन खिड़की को तोड़कर संस्था परिसर से फरार हो जाने की घटना के संबंध में दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिये हैं।

जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने उक्त घटना की दण्डाधिकारी जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर कौशल प्रसाद तेंदुलकर को आदेशित किया है कि उक्त दण्डाधिकारी जांच की कार्यवाही 30 दिवस के भीतर किया जाकर प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच हेतु जो बिंदु निर्धारित किये गये हैं उनमें घटना किन परिस्थितियों में घटित हुई? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार होने के क्या कारण थे? बाल संप्रेक्षण गृह से फरार अपचारी किशोरों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल होने के पूर्व अथवा पश्चात किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? घटना की सूचना कब और किसके द्वारा पुलिस को दी गई? अन्य कोई बिन्दु जो जांच के दौरान आवश्यक हो जैसे पहलुओं पर टीम द्वारा जांच की जाएगी।




# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, छात्रा की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना से चंद कदम दूर शारदा इलेक्ट्रॉनिक के समीप पानी टैंकर ले जा रही ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 11 एजेड 0466 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कॉलेज जा रही बीए सेकंड ईयर की छात्रा ग्राम बाता निवासी ज्योति भारद्वाज को कॉलेज छोड़कर अपने मोटरसाइकिल सीजी 12 बीके 0219 से रुद्रप्रताप पाटले भिलाईबाजार जा रहा था । इसी बीच हरदीबाजार मुख्य मार्ग में पानी टैंकर ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से ठोकर मार दी जिससे ज्योति भारद्वाज की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक चला रहे रुद्रप्रताप का पैर टूट गया जिसे तत्काल स्थानीय लोगों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया। ट्रेक्टर चालक मौके से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि पानी टैंकर अनसूया राठौर का है जो कि स्थानीय ठेकेदार के अंदर में चल रहा है।



दुर्घटनाकारित ट्रेक्टर



घटना में मृत युवती व घायल युवक।

### ब्रेक मारते ही बाइक से गिरी विवाहिता, मौत

मूलतः बिलासपुर सरगांव निवासी आनंद सिंह दिनकर अपनी पत्नी अमीना दिनकर के साथ बाइक में सवार होकर कनकी तरदा मार्ग से होते हुए बालको जा रहा था कि तरदा के समीप बाइक में अचानक ब्रेक मारते ही पीछे बैठी अमीना दिनकर बाइक से नीचे गिर गई जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और उसे आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान अमीना की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

## छग यातायात महासंघ ने प्रशासन से की शिकायत

# कोरबा-चांपा मार्ग की बसों पर पड़ रही टोल प्लाजा की मार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से चांपा तक प्रतिदिन जाने वाली निजी बसों पर अब एनएचएआई द्वारा ग्राम जमनीपाली में लगाए गए टोल प्लाजा की मार पड़ने लगी है। यात्री बसों के लिए परिवहन विभाग ने परमिट जारी किया है। कुल 14 यात्री बसें इस मार्ग पर चलती हैं जो प्रतिदिन कोरबा से रेलवे स्टेशन चांपा पहुंचती है। जिनपर अब टोल प्लाजा के लंबे चौड़े टैक्स पटाने का दबाव बनाया जा रहा है जिसे लेकर यातायात महासंघ ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर टोल प्लाजा पर चल रही मनमानी पर लगाम लगाने एवं पूर्व की तरह जारी पास को दोबारा चलाने की मांग की है।




कोरबा चांपा मार्ग में स्थित टोल प्लाजा।

महासंघ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन में बताया कि कोरबा-चांपा एनएच 149 बी में ग्राम जमनीपाली के समीप टोल प्लाजा लगाया गया है। जहां प्रति बस 1 हजार रुपए टोल टैक्स के रुप में प्रतिदिन देने से बस संचालकों को नुकसान हो रहा है और यात्री बसें बंद होने की कगार पर आ चुकी है। एक माह पूर्व टोल प्लाजा के अधिकारियों ने लोकल चलने वाली यात्री बसों के लिए पास बनाया था, जिसे प्रति बस 81 सौ रुपए तथा छोटी मिनी बस का 42 सौ रुपए प्रतिमाह का पास बना था। इससे मिनी बस संचालकों को राहत मिली थी। किंतु टोल टैक्स नाके में जब से नया मैनेजर आया है उनके द्वारा 40 प्रतिशत ज्यादा टैक्स मांगा जा रहा है। पूर्व में बनाए गए मासिक पास की तरह नया मासिक पास नहीं बनाया जा रहा है। 40 प्रतिशत ज्यादा टैक्स देने पर ही गाड़ी आने जाने दी जा रही है। उनके द्वारा कहा जाता है कि प्रति ट्रीप फास्ट ट्रैक से पैसा लिया जाएगा इसलिए पैसा नहीं लिया जाएगा।

### 55 किमी का है नियम

एनएच 149 बी में 55 किमी तक टोल टैक्स लेने का प्रावधान है किंतु कोरबा चांपा मार्ग 22किमी तक सड़क बनी हुई है, 18 किमी सड़क जर्जर है। कोरबा से पहंदा, जमनीपाली टोल प्लाजा से चांपा तक पूरी सड़क गढ्ढे में तब्दील हो चुकी है इसके बाद भी जमनीपाली टोल प्लाजा में टोल प्लाजा लिया जा रहा है। टोल मैनेजर के द्वारा यह कहा जाता है कि 3 लाख का घाटा लगा है इसलिए 40 प्रतिशत ज्यादा राशि लेने पर पास बनाया जाएगा। टोल प्लाजा की इस रवैये से बस संचालक के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### चेक बाउंस, सुनाई गई सजा

**कोरबा।** विनायक ऑटो डील प्रो. राहुल सोनी पिता हरिप्रसाद सोनी के द्वारा इण्डियन बैंक शाखा कोरबा से ऑटो डील व्यवसाय हेतु 8 लाख रुपए का ऋण 5 अक्टूबर 2018 को लिया गया था। जिसे अदा करने के लिए युवक के द्वारा परिवादी बैंक को 1 लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। बैंक के द्वारा उक्त चेक को आहरण हेतु जब शाखा में जमा किया गया तो उसमें पर्याप्त राशि ना होना दिखाया गया जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त राहुल सोनी को दिया गया। इसके पश्चात भी राहुल सोनी रकम चुकाने में असफल रहा जिसके फलस्वरूप बैंक द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष रकम वसूली हेतु परिवाद दायर किया गया। जिस पर न्यायालय ने निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त को दोषी पाते हुए 1 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस ने सूचना मिली बैमा नया तालाब के पास शेड के नीचे स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेलते नरेश साहू, अरेन साहू, जागेश्वर यादव, दिलीप सूर्यवंशी, संजू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 11 हजार 280 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की 8 दिन बाद दर्ज की गई एफआईआर

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े चोरों ने किसान के घर से कीमती सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया। आलम यह है कि मामले में 8 दिन बाद एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लिटिया निवासी किसान जीवनलाल साहू की पत्नी 31 अगस्त को रिश्तेदार सतीश साहू के घर गई थीं। दोपहर 3 बजे वे घर के दरवाजे की सांकल लगाकर खेत चले गए। शाम 4.30 बजे वे घर आए तो एक व्यक्ति बाड़ी में मिला। पूछने पर फूल तोड़ने की बात कहकर चला गया। वे घर जाकर देखे तो पेटी में रखा चांदी का लच्छा 50 तोला, एठी 18 तोला, चांदी की चेन 8 तोला, बिछिया 4 नग, अंगूठी 5 ग्राम, मंगलसूत्र 10 ग्राम, सोने की गेंहूदाना 3 ग्राम, 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। मजेदारबात यह है कि मामले में 8 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग का कहना है पीड़ित किसान स्वयं चोर खोज रहा था। 31 अगस्त को वह रिपोर्ट लिखाने थाने आया तब चोरी की रिपोर्ट लिखी गई है।

### तोरवा में भांजे पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** तोरवा पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश चित्रकूट लोहदा निवासी विनय विश्वकर्मा पिता शिवप्रसाद चार माह पूर्व में अपने नानी के घर देवरीखुर्द आए हुए हैं। 31 अगस्त की रात 12 बजे घूम कर वे घर आए तो उनका मामा विनोद विश्वकर्मा नानी से विनय को यहां क्यों रखे हो उसको उसके घर भेज कहकर विवाद कर रहे थे। विनय क्यो जाउंगा कहा तो विनाद विश्वकर्मा ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है।

### तलवार लहराते गुण्डा बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने तलवार लहराकर अशांति फैलाने वाले गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली बन्नाक चौक के पास गुण्डा बदमाश नयापारा निवासी सूरज उर्फ बरैया 23 साल तलवार लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके से तलवार सहित उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### धर्म परिवर्तन करने वाले पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**कुसमी।** विकासखंड के इदरी में ईश्वरीय लाल खलखो द्वारा इरनियुष बिरजिया के घर में पहुंच कर बिना किसी अनुमति के रविवार को चंगाई के नाम पर धर्म परिवर्तन करा रहा था। घटना की जानकारी लगते ही युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा अंकुश सिंह सहित हिंदू युवा कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर पहुंच कर प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसडीएम करुण डहरिया, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा सहित सामरी पुलिस बल मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम करुण डहरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। इस प्रकार की सभा करने कोई अनुमति नहीं ली गई थी, इस मामले में सामरी पुलिस द्वारा जांच करने उपरांत उचित कार्रवाई की जा रही है ।

---

**15 दिनों से जारी हड़ताल के कारण मरीजों को हो रही परेशानी** | **अर्बन क्षेत्र के सीएचसी और पीएससी में दिखने लगा है असर**

# बेमुद्दत हड़तालः कहीं अस्पताल में लगा है ताला, कहीं 15 दिन से प्रसव सुविधा बंद

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 700 कर्मचारी जिले में हड़ताल पर जा चुके हैं। 15 दिन बीतने के बाद भी हड़ताल को लेकर शासन ने निर्णय नहीं लिया है, वहीं कर्मचारी टस से मस नहीं हो रहे हैं। ऐसे में मरीजों का हाल बेहाल होने लगा है। हालत यह है कि जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएससी में हालत बद से बदतर हो रहे हैं। विडंबना यह है कि जहां ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए संसाधन नहीं है वहीं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधन होने के बावजूद लोगों को भटकना पड़ रहा है। 15 दिनों से स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारी नहीं होने के कारण मरीजों को बिना इलाज के चलता कर दिया जा रहा है।

### हड़ताल में डाक्टर और स्टाफ रहे शामिल

हड़ताल में बिलासपुर के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों से डा. चिरंजीवी चंद्राकर,डा. आकांक्षा झा, डा. गौरव यादव, डा. निलय तिवारी, डा यश अग्रवाल,डा मल्लिकार्जुन राव, डा सवि शुक्ला, डा आशा कुर्रे,डा साहेबा नाज़,डा हिमांशु कौशिक, डा राजीव किशोर, डा पूर्वी, डा अभिषेक, डा. दीक्षा शामिल थे। संविदा कर्मचारी विगत 18 अगस्त से हड़ताल पर है, जिला चिकित्सालय,सिम्स चिकित्सालय, 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला सलाहकार, जिला डेटा प्रबंधक, जिला डेटा सहायक,जिला अकाउंट मैनेजर, जिला अकाउंट सहायक, स्टाफ, सीएचओ, एएनएम ,नर्स,डेंटिस्ट,फिजियोथेरेपिस्ट,कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं।




### अस्पताल में काम है प्रभावित

राष्ट्रीय कार्यक्रमों मलेरिया, टी बी, टीकाकरण, महामारी आदि की दैनिक रिपोर्टिंग, जन्म मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, महतारी प्रसव,अस्पतालों में ओपीडी सेवा, शल्य क्रिया, आपातकालीन सेवाएं मुख्य रूप से बाधित है। सीएचओ एवं एएनएम के हड़ताल में जाने से ग्रामीण क्षेत्र के आयुष्मान अस्पताल बंद है।

### मरीजों को मिल रहा है इलाज

हड़ताल में जाने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है। राजकिशोर नगर अस्पताल में सभी एनएचएम कर्मचारी है, कोई नहीं था इसलिए ताला लगाया गया होगा। बाकी सभी जगह मरीजों को इलाज मिल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी हम आधा स्टाफ के साथ इलाज दे रहे है।
-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### गांधी चौक सीएचसी



ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर नियमित कर्मचारी काम कर रहे हैं, लेकिन शहरी क्षेत्रों में बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी, पीएचसी का हाल खराब है। गांधी चौक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स, लैब टेक्नीशियन और आपरेटर के साथ ही अन्य स्टाफ हड़ताल पर जा चुके हैं, जिससे खून पेशाब की जांच बंद है। बताया जा रहा है कि पिछले 2 दिनों से रैबिज का इंजेक्शन भी नहीं है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए भटकने की नौबत पड़ रही है।

### लिंगियाडीह पीएचसी



लिंगियाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन दिनों भारी भीड़ उड़ रही है। दरअसल क्षेत्र में एकलौता स्वास्थ्य केन्द्र है। यहां आरएमए, नर्स और बाकी स्टाफ हड़ताल में शामिल हो चुके हैं। नर्स के नहीं होने के कारण यहां 15 दिनों से नार्मल डिलीवरी नहीं कराई जा रही है, प्रसव से तड़पती गर्भवती महिला आने पर तत्काल ही उसे जिला अस्पताल और सिम्स रिफर कर दिया जाता है। वहीं स्टाफ की कमी के कारण दिन भर अस्पताल में भीड़ रहती है। उसमें भी एक महिला डाक्टर की ड्यूटी अन्य जगहों पर लगाई जाती है।

### राजकिशोर सीएचसी




राजकिशोर नगर स्थित सीएससी सेंटर में सभी तरह की जांच की सुविधा है, यहां का पूरा स्टाफ ही हड़ताल पर जा चुका है, जिसके चलते अस्पताल में ताला लटक रहा है। पिछले 15 दिनों से अस्पताल नहीं खुला है। मरीज अस्पताल को बंद देख लौट रहे है। आसपास के लोगों ने बताया कि बारिश का मौसम होने के कारण क्षेत्र के कई लोगों को वायरल फीवर और अन्य मौसमी बीमारी है लेकिन मरीजों को अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है। ऐसे में निजी अस्पताल में जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### जिला अस्पताल




यहां122 एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं, ऐसे में जिला अस्पताल में जांच और इलाज के साथ ही पोषण पुर्नवास केन्द्र भी बंद होने के कगार पर पहुंच चुका है। कुपोषित बच्चों की देखभाल की जाती है, लेकिन कर्मचारी हड़ताल पर हैं। बच्चे की देखभाल नहीं हो रही है। पूरा वार्ड रसोइयां के भरोसे चल रहा है। पूछताछ करने पर कोई जवाब नहीं मिल रहा है। वहीं जिला अस्पताल के जिम्मेदार डाक्टर इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहे है। बताया जा रहा है कि 10 दिनों से यहां एक भी बच्चे को नहीं रखा गया है।

---

**सर्वे कर लोगों को दी दवा**

# स्वास्थ्य विभाग ने नलों से पानी का लिया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पीलिया से हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्र इंदिरा नगर पहुंचा। इस दौरान मितानिनों ने 38 घरों का सर्वे किया और नलों से निकलने वाले पानी का सैंपल लिया गया। वहीं शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

- मितानिन और डाक्टरों का दल पहुंचा था इंदिरा नगर

इंदिरा नगर वार्ड में पीलिया फैलने की खबर से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सोमवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया गया। सर्वे और शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को संभालने के लिए डाक्टरों की टीम लगाई। इस दौरान शहरीय मितानिनों ने वार्ड के अलग-अलग गलियों में पानी का सैंपल और सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई। टीम द्वारा 5 जगहों के पानी के सैंपल लिया गया है। वहीं इस दौरान एक भी नया पीलिया से ग्रसित मरीज नहीं मिला है, वहीं 38 घरों का सर्वे कर 43 लोगों की जांच की गई है। इनमें 22 से अधिक लोगों को मौसमी बीमारी थी, वहीं 13 अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। सभी को दवा का वितरण किया गया है। दरअसल पीलिया के कारण क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। वहीं अन्य मरीज पीलिया की बीमारी से ग्रसित है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि निगम के अधिकारियों की मनमानी के चलते स्थिति बिगड़ी है, अधिकारी अमृत मिशन का पाइप लाइन बोर के पाइप में जोड़ चुके है, जिसके चलते लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है।




बीमारी | वार्ड नंबर 37 इंदिरा नगर के यादव मोहल्ला में फैला पीलिया
पीलिया से एक की मौत, 15 बीमार, निगम, स्वास्थ्य विभाग क...

1 सितंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।



### पानी का लिया गया सैंपल

सर्वे में पीलिया का मरीज नहीं आया है। हमने सर्वे कर पानी का सैंपल भी लिया है, इससे सिम्स भेजा जाएगा। तब स्थिति साफ होगी।
-डॉ रक्षित जोगी, अर्बन बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग

---

**नशे में था हमलावर, घायल सिम्स में भर्ती**

# छात्र से मारपीट, नुकीली वस्तु से हमलाः जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग से पढ़ाई करने के बाद घर लौट रहा छात्र कैफे जाने इंडिकेटर देकर गाड़ी मोड़ रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार एक्टिवा सवार उससे टकराते बचा, छात्र ने स्पीड़ में गाड़ी चलाने से मना किया तो नशे में धुत युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छात्र के साथ मारपीट करते हुए नुकीली वस्तु से पेट पर हमला कर दिया और भाग गया। घायल छात्र को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

रायगढ़ निवासी दामोदर डडसेना पिता त्रिलोचन डडसेना ने बताया कि किराए के रूम में रहकर वह नीट की तैयारी कर रहा है। सोमवार की वह शाम कोचिंग सेंटर पढ़ाई करने गया था। शाम 7.15 बजे कोचिंग से छुट्टी होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। डीपी विप्र कालेज के पास कैफे जाने के लिए इंडिकेटर आन कर उसने बाइक घुमाया, इसी दौरान काले रंग की एक्टिवा में सवार एक युवक तेज रफ्तार से आया और उससे टकराते टकराते बचा। छात्र ने उसे स्पीड़ में गाड़ी चलाने से मना किया तो नशे में धुत युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छात्र के साथ जमकर मारपीट की। उसके बाद किसी नुकीली वस्तु से पेट में हमला कर दिया। खून से लथपथ होकर छात्र सड़क में गिर गया, जिससे लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। लोगों को देखकर हमलावर नशेड़ी युवक भाग गया। छात्र के दोस्तों ने घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



घायल युवक।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला

शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवकों ने दो दोस्तों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा रामायण चौक निवासी बलराम सिंह पिता धनीराम आर्मो अपने दोस्त आकाश दास के साथ 30 अगस्त की रात 9.30 बजे शनिचरी बाजार चांटीडीह के पास ठेला किनारे बैठकर अंडा खा रहे थे। इसी दौरान 3 युवक आए यहां बैठकर अंडा क्यों खा रहे हो, हमे भी शराब पीना है कहकर पैसा मांगने लगे। उन्होंने मना किया तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। डर से दोनों दोस्त नदी के गेट की ओर भागने लगे। तीनों युवकों ने दौड़ाकर पीछे से दोनों दोस्तों के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर हमलावर भाग गए। आसपास के लोगों के द्वारा दोनों दोस्तों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायलों का बयान लेने के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# कुम्दा रेलवे साइडिंग से ओवर हेड तार चोरी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करीब एक माह पूर्व कुमदा साइडिंग में लगे रेलवे के उपस्कर ओवर हेड तार चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों को आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने पकड़कर दोनों के खिलाफ 3 एआर पीयूपी एक्ट की कार्रवाई कर रेलवे के स्पेशल कोर्ट बिलासपुर में पेश किया गया,जहां दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।रेल पुलिस बल अंबिकापुर थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि गत तीन जुलाई को कुमदा साइडिंग के लिए बिछी रेल लाइन के ऊपर लगे बेशकीमती ओवर हेड तार को अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में काट दिए जाने की सूचना पर आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और आस पास तलाशी अभियान चलाया तो कुछ दूरी पर कटा तार लगभग चालीस मीटर पड़ा मिला जिसे आरपीएफ ने जप्त कर उक्त मामले में आरोपियों की पता तलाश के लिए आरपीएफ की टीम लगातार जुटी हुई थी।इस दौरान एसईसीएल के खदानों में कई बार केबल चोरी की वारदात में शामिल आदतन कबाड़ केबल चोर संतोष सिंह उर्फ गुड मार्निंग पिता ललन सिंह 22 वर्ष और कमलेश पिता सुखलाल सिंह 23 वर्ष दोनों निवासी कुमदा बस्ती को पकड़ कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।रेलवे पुलिस की इस धरपकड़ में अगस्त माह में एसईसीएल के कुमदा 7-8 खदान के बूम बैरियर से एसी चोरी के मामला भी खुलासा हो गया एसी चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों से जरूरी पूछताछ के बाद आरपीएफ ने दोनों को बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया है,आरपीएफ की इस कार्यवाही में अंबिकापुर रेल थाना प्रभारी सुनीता मिंज और उनकी टीम सक्रिय रही।

- आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को विशेष अदालत बिलासपुर किया पेश,भेजे गये जेल

### घंटो इंतजार के बाद जनदर्शन से निराश लौटे ग्रामीण

**भैयाथान।** कलेक्टर द्वारा दो माह पूर्व अनुविभागीय राजस्व कार्यालय में जनदर्शन आयोजित करने निर्देशित किया गया था, लेकिन अनुविभागीय कार्यालय का जनदर्शन अधिकारी-कर्मचारी की अनुपस्थिति में मजाक बन कर रह गया है। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में दोपहर 12 से 2 बजे तक लगने वाले जनदर्शन में 1.30 बजे तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। एसडीएम कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही से यह व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। निर्धारित समय पर न तो एसडीएम और न ही अन्य कर्मचारी कार्यालय में मौजूद रहते हैं। हालात यह है कि दूर-दराज से अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों द्वारा घंटों इंतज़ार करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो पाती तथा वे मायूस होकर लौट जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब अधिकारी-कर्मचारी ही अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं, तो जनदर्शन जैसी व्यवस्था का औचित्य ही नहीं है। यह शासन की मंशा और जनता की उम्मीदों के साथ धोखा है। इस संबंध में कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि एसडीएम किसी मामले की जांच को लेकर ओडगी बिहारपुर गई है।

# भारी वाहन चालकों को दी गई ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में सड़कों पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने आज जिले समस्त भारी वाहन के चालकों की बैठक ली गई। जिसमें जिले के सभी चालकों ने यातायात नियमों का समुचित पालन एवं वर्दी की अनिवार्यता को गंभीरता पूर्वक सभी के लिए अनिवार्य करने अनुरोध किया।

वाहन चालकों को यह बताया गया कि भारत के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है वही एक सारथी के रूप में नागरिकों के आवागमन को सहज बनाने में उनकी अहम भूमिका से इनकार नहीं की जा सकती। उनकी स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके वाहन पर बैठे प्रत्येक सवारी की सुरक्षा एवं सुविधा की ख्याल करना उनकी जिम्मेदारी है। समस्त वाहन चालकों को वाहन चालन के दौरान किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करने, तेजी एवं लापरवाही पूर्व वाहन नही चलाने, रात्रि के दौरान झपकी ना आए इसलिए सदैव नींद पूर्ण करके ही वाहन चलाने, सड़कों पर विश्राम के दौरान मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ी नहीं करने, वाहनों के ब्रेकडाउन होने की स्थिति में वाहन के अगल-बगल में रिफ्लेक्टर कोन लगाने, परिवहन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज साथ में रखने की समझाईश दी गई।



### बिना पिट पास परिवहन पर पकड़े गए तीन हाइवा

राजपुर। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर राजपुर में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कँवर और पुलिस टीम ने संयुक्त बगैर पिट पास के परिवहन करते हैं तीन हाईवा को पकड़ा गया है। बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि सोमवार की राजस्व एवं पुलिस की टीम ने सिधमा रोड में दो हाइवा और बरियो पुलिस चौकी के सामने मुख्य मार्ग एक हाइवा को पकड़ा गया है।

**तेज बुखार के साथ शरीर में बन रही गांठें**

# पालतू मवेशियों में तेजी से बढ़ रहा लंपी वायरस का संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में लम्पी वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है तथा वायरस से न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के पालतू मवेशी तेजी से संक्रमित हो रहे हैं। जिस तेजी से मवेशियों में संक्रमण बढ़ रहा है जल्द संक्रमण रोकने की पहल नहीं की गई तो पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

दो साल के अंतराल के बार एक बार सरगुजा में लंपी वायरस का संक्रमण तेजी से



फैल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वायरस संक्रमित पशुओं के संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमण किस इलाके के पशुओं के माध्यम से पहुंचा इसकी जानकारी तो अभी तक नहीं मिल पाई है लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे राज्य के मवेशियों के माध्यम से वायरस की सरगुजा में एन्ट्री हुई होगी। एक पखवाड़े पूर्व से शहर की सड़कों पर घूमने वाले पशुओं में संक्रमण देखा गया था।अब न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मवेशियों के संक्रमित होने की लगातार सूचनाएं मिल रही है। संक्रमित मवेशियों के शरीर में दाने निकल रहे हैं तथा जगह-जगह गांठें बन जा रही हैं। संक्रमित मवेशियों को तेज बुखार हो जा रहा है जिसके कारण मवेशी चारा-पानी छोड़कर निढाल हो जा रहे हैं। संक्रमा से दूसरे मवेशी प्रभावित न हों इसका एकमात्र उपाय टीकाकरण है। पशुपालन विभाग के अधिकारी संक्रमण की रोकथाम के लिए हर औषधालय को एंटी लंपी वायरस टीका उपलब्ध कराने एवं रोकथाम के लिए पशु चिकित्सकों को स्वस्थ मवेशियों का टीकाकरण करने के निर्देश जारी करने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी कहीं भी टीकाकरण प्रारंभ नहीं किया गया है। पशुपालकों का कहना है कि संक्रमित मवेशियों के शरीर में बनी गांठों के फटने पर घाव में कीड़े विकसित हो जा रहे हैं

## खबर संक्षेप

### मदरसा इजहारुल उलूम के निर्विरोध सदर बने मोहम्मद जहूर अंसारी



**गेवरा-दीपका।** मदरसा इजहारुल उलूम के इंतजामिया कमेटी के नए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में मोहम्मद जहूर अंसारी को सदर और साबिर अंसारी को सेक्रेटरी के पद पर निर्विरोध चुना गया। इसका ऐलान 29 अगस्त को चुनाव अधिकारी हाजी अब्दुल रज्जाक द्वारा किया गया। पूर्व सदर हाजी अब्दुल हबीब ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई कमेटी मदरसा के हक में बेहतर काम को अंजाम देगी। नए पदाधिकारियों को मदरसा के सभी मुस्लिम भाइयों ने खुशी का इजहार करते हुए मुबारकबादी पेश की।

### छायांक ने बिलासपुर मे अयोजित प्रणवम में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**कोरबा।** बिलासपुर के साईं नृत्य निलयम द्वारा आयोजित प्रणवम फेस्टिवल में बालको डीपीएस के छात्र छायांक सिंह चन्द्रा ने कनिष्ठ वर्ग के एकल शास्त्रीय संगीत में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके अपने गुरुजन, परिवार एवं बालको को गौरवान्वित किया है। वर्तमान में छायांक नीलिमा स्वर साधना अकादमी की शिक्षिका नीलिमा जायसवाल के सानिध्य में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके पूर्व भी छायांक ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में आयोजित प्रतियोगिताओं में अपने शास्त्रीय संगीत का लोहा मनवाते हुए अनेकों पुरस्कार प्राप्त किए हैं। छायांक के पिता केशव चन्द्रा बालको में कार्यरत हैं एवं समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन के सक्रिय सदस्य हैं जोकि स्वयं एक कुशल मंच संचालक और बहुत अच्छे क्रिकेट कमेंटेटर हैं इनकी माता माधुरी चन्द्रा गृहणी होने के साथ साथ स्वयं भी एक सुमधुर गायिका हैं।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व्याख्यान कार्यशाला



**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश अध्यक्ष एवं सचिव के आदेशानुसार विधिक अधिकारों एवं सेवाओं की जागरूकता के लिए 4सौ विद्यार्थियों को रासेयो स्वंय सेवक ने विधिक साक्षरता शिविर में विधिक जानकारी दी गई। राष्ट्र के मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलने वाली अभियान एवं साथी योजना, डान योजना, जागृति योजना, आशा योजना, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं शासन के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम, चौकी प्रभारी अख्तर खान ने गुड टच बेड टच सड़क सुरक्षा पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एडवोकेट नवीन सिंह ने बताया कि विधिक साक्षरता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के गरीब और वंचित वर्गों को न्याय सेवाएं प्राप्त करने और उनकी माँग करने के लिए सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रमुख न्याय सेवा प्रदाताओं की संस्थागत क्षमताओं में सुधार करना भी है ताकि वे गरीबों और वंचितों की प्रभावी ढंग से सेवा कर सकें। इस दौरान जनप्रतिनिधि डीके आदिले संसद प्रतिनिधि, शीतल शर्मा, तलवीर सिंह थाना बांगो विधिक सेवा समिति कटघोरा, वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, सी नेताम, सुरेन्द्र सिंह नेटी, विभा तांडे, पार्वती राम, विजेता चतुर्वेदी, नबीउल्ला सिद्दिकी, धनराज सिंह, चंद्रमुखी साहू, मुरारीलाल धीवर, आशीष उपाध्याय, निष्ठा जायसवाल, शेषनारायण शर्मा, देवानंद वर्मा उपस्थित रहे।

### बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन



**कोरबा।** बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की विशेष सभा 31 अगस्त को काली मंदिर सभागृह में संपन्न हुई। इस अवसर पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुखेंदु घोष ने अध्यक्षता करते हुए पिछले वर्ष संपन्न दुर्गा पूजा आयोजन के लिए सभी सदस्यों को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी उसी जोश और लगन के साथ सभी सदस्य मिलकर आयोजन को सफल बनाएं। इस दौरान बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें कार्यकारी समिति मुख्य संरक्षक राजेश कुमार, सीईओ एवं डब्ल्यूटीडी, बालको संरक्षक आरके सिंह, अनिल कुमार दुबे, मंतोष सिन्हा, आनंद सोनी, सुनील कुमार सिंह, कैप्टन धनंजय मिश्रा, प्रज्ञा पांडे, मनोज ओझा, संजय कुमार, सौम्या बनर्जी, सुबेन भट्टाचार्य, अभिनव कांत सिंह टीआई बालको, एके पॉल, मुख्य सलाहकार संजीब चक्रवर्ती, अध्यक्ष जीवन कुमार मुखर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष सुखेंदु घोष, उपाध्यक्ष डा संजय राय, जयंत सरकार, दीपांकर बसु, शुभोदीप आदि शामिल हैं।

### 21 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा के दर्शन को उमड़ रही भीड़

# कटघोरा का राजा बना आकर्षण का केन्द्र, पद्मनाभ स्वामी मंदिर की थीम पर सजा 111 फीट का पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जयदेवा गणेशोत्सव समिति कटघोरा का ऐतिहासिक आयोजन इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम बना हुआ है। रविवार को कटघोरा का राजा श्री गणेश जी के दर्शन और पद्मानाभस्वामी मंदिर की भव्य झलक प्रस्तुत करते 111 फीट ऊंचे आकर्षक पंडाल को देखने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

समिति की ओर से प्रतिवर्ष विशाल गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस बार भी 111 फिट ऊंचा केरल का पद्मानाभस्वामी का आकर्षक पंडाल, 21 फीट ऊंचे गणेश जी का भव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गणेश प्रतिमा के साथ ही हनुमान जी की जीवंत प्रतिमा और अन्य धार्मिक झांकियां भी लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। खासकर युवा और बच्चे यहां पर सेल्फी लेते हुए नजर आते हैं। भव्य पंडाल का निर्माण कोलकाता से आए कारीगरों ने एक माह से भी अधिक समय तक दिन-रात मेहनत कर तैयार किया है। प्रतिमा व झांकियों का निर्माण राजनांदगांव जिले के थनौद ग्राम स्थित राधे आर्ट गैलरी में हुआ है। समिति की परंपरा है कि हर साल अलग थीम पर पंडाल का निर्माण किया जाता है, "कटघोरा का राजा" को देखने कोरबा जिले के अलावा जांजगीर चांपा, बिलासपुर, अम्बिकापुर,सूरजपुर, रायगढ़, शक्ति, कोरिया के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है और यही कारण है कि कटघोरा का राजा अब सिर्फ जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुका है। आरती के समय आयोजित गंगा आरती की थीम श्रद्धालुओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रही है। संगीतमय आरती के दौरान नगर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में डूब जाते हैं।



कटघोरा में निर्मित पद्मनाथस्वामी मंदिर की प्रतिकृति।

#### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी स्वयं गणेश पंडाल, मेले और सड़कों पर नजर रखे हुए हैं। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है और जगह-जगह पुलिस बल तैनात है। इसके अलावा सजग कोरबा का फ्लेक्स व म्यूजिकल मैसेज के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं को भीड़ में सुरक्षित और सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

#### प्रसाद लेने भक्तों की उमड़ रही भीड़

गाजे बाजे के साथ व्यवसायियों द्वारा निहारिका महानदी काम्प्लेक्स परिसर में भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित किया गया है। जिसमें प्रतिदिन भोग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों भक्तगण प्रतिदिन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसी कड़ी सोमवार को हलवा और चने के भोग के वितरण के साथ दर्री जमनीपाली भजन मंडली द्वारा सायं 6 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम किया गया। महानदी काम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने सभी श्रद्धालु, भक्तगणों, धर्मावलम्बियों के साथ अंचलवासियों से महानदी काम्प्लेक्स परिसर मे गणेशोत्सव के पावन पर्व आयोजित इस विशेष आयोजन मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने एवं भजन संध्या सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है।



## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर प्रदर्शनी मल्हार 3.0 संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर मल्हार 3.0 फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बालको के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई बेहतरीन तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों ने प्राकृतिक सौंदर्य और जीवन के विविध रंगों को दर्शाती तस्वीरों की सराहना की।

बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि फोटोग्राफी हमें यह सिखाती है कि सुंदरता हर छोटे से छोटे दृश्य और क्षण में छिपी होती है। मल्हार 3.0 के माध्यम से कर्मचारियों के भीतर छिपी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को सामने लाने का एक सशक्त मंच मिला। ऐसे आयोजन यह साबित करते हैं कि तकनीकी दक्षता और कलात्मक दृष्टिकोण मिलकर किसी भी संगठन को नई दिशा दे सकते हैं। फोटोग्राफी हमें प्रकृति, समाज और जीवन की बारीकियों को संवेदनशील दृष्टि से समझने का अवसर देती है। कर्मचारियों की यही रचनात्मकता बालको को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने में सहायक है। बालको टाउनशिप में आयोजित हुए कार्यक्रम में सेल्फी कॉर्नर के साथ-साथ आगंतुकों के लिए एक आकर्षक कॉर्नर तैयार किया गया। जिसमें विंटेज क्लासिक्स कैमरों से लेकर अत्याधुनिक डिजिटल मॉडल के कैमरों को प्रदर्शनी शामिल की गई थी। दर्शकों को फोटोग्राफी उपकरण विस्तरित जानकारी दी गई। कर्मचारी एवं उनके परिवारजन तथा स्कूल के छात्रों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव रहा। दो दिवसीय कार्यक्रम मल्हार 3.0 में आर्कियोलॉजिकल वंडर्स, नेचुरल स्केप्स और 'कल्चर केलिडोस्कोप' प्रतियोगी थीम पर आधारित मनमोहक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में कंपनी के विरासत तथा सामुदायिक विकास यात्रा को फोटो के माध्यम से दिखाया गया। दो जजों के पैनल ने तीनों वर्ग में एक-एक विजेता का चुनाव किया। जज पैनल में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ फोटोग्राफर गोकुल सोनी तथा दिल्ली से आएं युवा फोटोग्राफर बिबेक चेत्री शामिल थे। लगातार तीन वर्षो से आयोजित मल्हार के इस वर्ष का मुख्य आकर्षण फोटोग्राफी कार्यशाला रही, जिसमें प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स ने प्रतिभागियों को फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराया।

## लायंस क्लब बालको द्वारा पौधरोपण नेत्र जांच शिविर एवं भंडारा का आयोजन



पौधरोपण करते लायंस क्लब के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब बालकों और बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में फलदार वृक्षों का पौधोरोपण गौमुखी सेवाधाम, देवपहरी में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान लगभग 250 फलदार वृक्षों का रोपण लायंस क्लब बालकों के सदस्यों, बजाज इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के अधिकारियों एवं सेवाधाम के बच्चों द्वारा किया गया। नेत्र जांच शिविर में 30 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 2 मरीजों में मोतियाबिंद पाए गए। सामूहिक भोजन में लगभग 2सौ बच्चे एवं वयस्क सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष लायन विक्रम अग्रवाल, गौमुखी सेवाधाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव योगेश जैन, डॉ. देवाशीष मिश्रा, लायन डीके कुदेशिया, लायन जीपी केडिया, लायन कैलाश कुमार अग्रवाल, लायन परमानंद अग्रवाल, लायन राजेश ठाकुर, लायन पद्माकर शिंदे, लायन रामसेवक अग्रवाल, लायन हरविंदर सिंह एवं लायन अजय जायसवाल, लायन डॉ लव कुमार साहू, लायन शंकर अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा शिविर में सेवाधाम के बच्चों ने गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राजीव गुप्ता ने किया।

## श्री राधा अष्टमी रासलीला पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में रविवार को राधा अष्टमी का पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया शहर के वार्ड नं 9 स्थित मा गायत्री दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री धर्मशाला दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व को बड़े ही धूमधाम के सांथ मनाया गया मंदिर की आकर्षक सजावट की गई है राजपुरोहित राजा महराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई व पूजा में बैठे सांवरिया सपत्नी श्वेता मित्तल,अतुल सपत्नी अनुष्का मित्तल के द्वारा राधा रानी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पीत पोशाक धारण कराकर विशेष आभूषण धारण कराए गए साथ ही नरेंद्र मित्तल के द्वारा राधा रानी को 56 भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया राधा अष्टमी के अवसर पर अरुण बेला में राधा रानी का जन्मोत्सव मनाया गया विभिन्न योग संयोगों के बीच राधा अष्टमी पर मंदिरों में पंचामृत अभिषेक के साथ ही विशेष पालना झांकियां सजाई गई और भक्तों ने राधा रानी के चरणों के दर्शन किए।



राधा अष्टमी पर कृष्ण और राधा की प्रस्तुत झांकी एवं उपस्थित नगरवासी।

रविवार को श्री राधा अष्टमी कटघोरा नगर के गायत्री धर्मशाला स्तिथ हनुमान मंदिर में बड़े हि धुमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर गायत्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में कोरबा से आये कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतो के सांथ कृष्ण राधा की रासलीला की भी प्रस्तुति दी गई। जिसमें सभी महिलाएं श्रद्धा की डोर में बंधकर झूमती रहीं ढोलक की थाप पर गाये जा रहे भक्ति गीतों पर महिलाओं एवं बच्चों ने ऐसा नृत्य किया कि मानो कटघोरा नगर में बरसाने जैसा माहौल हो गया। गायत्री मंदिर प्रांगण में इस महोत्सव का आयोजन संध्या 7 बजे पूजन कर प्रारम्भ किया गया जो कि रात्रि 11 बजे तक चलता रहा सांथ ही महोत्सव में आने जाने वाले सभी नागरिकों के लिए समिति की ओर से प्रसाद स्वरूप भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में राजपुरोहित राजा महराज ने कहा कि राधा रानी भगवान की तीन शक्तियों में अंतरंगा, बहिरंगा व तटस्थ अंतरंग शक्ति है। राधा रानी और कृष्ण में कोई अंतर नहीं है। बिना राधा रानी की कृपा से कृष्ण भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। गोलोक धाम वृंदावन की मालकिन हैं। राधा रानी स्वयं भगवान की आह्लादिनी शक्ति हैं, जो नित्य प्रेम स्वरूप भगवान की सेवा में रत रहती हैं। ब्रज की मालिकन होने के कारण इन्हें ब्रजेश्वरी भी कहते हैं। बिना राधा रानी की अनुमति के ब्रज क्षेत्र में प्रवेश करना असंभव सा होता है। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य महिलाएं एव नगरवासी उपस्थित रहे।

## यूरिया की कमी और कालाबाज़ारी के खिलाफ आप पार्टी का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद की कालाबाजारी व किल्लत को लेकर जिला आम आदमी पार्टी के द्वारा रामपुर विधानसभा के तहत करतला बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही इस संबंध में मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ग्रामीण जग़लाल राठिया अध्यक्ष ने बताया कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पायी है।

आम आदमी पार्टी द्वारा 1 सितम्बर को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है इसमें सरकार की नाकामी है। कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 12सौ करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ने कहा कि बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है अब तक किसानों की जरूरत का आधा या उससे भी कम यूरिया मिल पाया है जिससे उनकी मेहनत और लागत पर संकट छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ की कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों की अधिकतर सहकारी समितियां में यूरिया का पर्याप्त भंडारण नहीं किया जा सका। इसलिए आज किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 12 सौ में लेना पड़ रहा है और पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 22 सौ रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं। इस मौके पर कोरबा लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू, जिला कोषाध्यक्ष सोमराज, वामन वरोकर, संतोष कुमार ग़बेल गुरुवार सिंह गबेल ,सत्यनारायण रतिया सुरेंद्र कुमार राठिया शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे।



प्रदर्शन करते आप के कार्यकर्ता।

## प्रदीप अध्यक्ष, व्यास सचिव, रवि बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

**खास बात**
- राठौर समाज ग्रामीण की जिला इकाई का हुआ गठन

क्षत्रिय राठौर समाज ग्रामीण इकाई जिला की बैठक ओम पैलेस हरदीबाजार में किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ वरिष्ठजनों की उपस्थिति में बैठक कार्यक्रम में सर्व सहमति से अमृतलाल राठौर (मुक्ता) को सभापति बनाया गया। क्षत्रिय राठौर समाज ग्रामीण इकाई जिला कोरबा सर्व समिति से निर्वाचन प्रक्रिया को शुरू किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रदीप राठौर (रलियां) को चुना गया और सचिव पद के लिए व्यास राठौर (हरदीबाजार) को चुना गया एवं कोषाध्यक्ष रवि राठौर (धतुरा) को निर्वाचित किया गया प्रचार प्रसार प्रमुख मनमोहन सिंह राठौर (उतरदा) को बनाया गया एव उपाध्यक्ष शैलेंद्र राठौर (बोकरामुडा) व हुलेश राठौर (छिंदपुर) को सहसचिव कमलेश राठौर (हरदी बाजार) निर्विरोध निर्वाचित हुए समाज को नई दिशा व मार्गदर्शन के लिए देने के लिए सर्वोच्च समिति की भी गठन की गई जिसमें चूलेश्वर राठौर (हरदी बाजार) चंद्रहास राठौर (कोरबी), बाबूराम राठौर (हरदी बाजार), अमृतलाल राठौर (मुक्ता),ईश्वर राठौर (रलियां), ब्रह्मानंद राठौर (मुढाली),निलेंद राठौर (हरदी बाजार) जितेंद्र राठौर (हरदीबाजार) जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान विकास राठौर, शैलेंद्र राठौर, कमलेश राठौर, मनमोहन सिंह राठौर, संदीप राठौर, अमर राठौर, विक्रम राठौर, विनय राठौर, विजय राठौर, विनोद राठौर, रवि राठौर, पप्पू राठौर, सचिन राठौर, विजय राठौर, राम बिहारी राठौर, संजू राठौर, कृष्णा राठौर, देवराज राठौर, देवेंद्र राठौर, शुभम राठौर, राजेश राठौर, मोहित राठौर, संजय राठौर, शिव राठौर, राम प्रसाद राठौर, रामकुमार राठौर, महेंद्र राठौर, नरेंद्र राठौर, रामेश्वर राठौर, मनहरण राठौर, बंटी राठौर, जितेंद्र राठौर उपस्थित रहे।



नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा खातेदार अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय ग्राम पाली तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम पाली तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 250/1, 329/1, 331/4, 380/2, 466/1, 466/4 कुल रकबा 1.24 ए. भूमि को एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार/खातेदारों द्वारा अर्जित भूमि के एवज में कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 08/09/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

## आकर्शी ने जीता रजत पदक, एनटीपीसी का मिला समर्थन



**कोरबा।** बैडमिंटन स्टार आकर्शी कश्यप जिन्हें एनटीपीसी कोरबा ने अपनी सीएसआर पहल के तहत समर्थन दिया है, उन्होंने लागोस इंटरनेशनल क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीतकर जिले सहित प्रदेशदेश का मान बढ़ाया है। आकर्शी ने पूरे टूर्नामेंट में अद्भुत जज़्बा और कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की गा यून पार्क को हराया और सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की उस खिलाड़ी को पराजित करते हुए शानदार वापसी की, जिससे वह पहले कैमरून में हार चुकी थीं। फाइनल मुकाबले में लगातार चार मैच खेलने के बाद भी आकर्शी ने शानदार खेल दिखाया और कड़ा मुकाबला करते हुए स्वर्ण पदक से थोड़े अंतर से चूक गईं, लेकिन सराहनीय रजत पदक अपने नाम किया। आकर्शी ने कहा, यह उपलब्धि एनटीपीसी कोरबा और मेरे शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन के बिना संभव नहीं थी। यहां का अनुभव मुझे और कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल की है।

## क्रीड़ा भारती द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल सप्ताह का आयोजन



**कोरबा।** क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के निर्देशन में जिला क्रीड़ा भारती के द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न खेलकूद गतिविधियां जिले में संपन्न कराई जा रहे हैं। इसी तारतम्य में बालको क्षेत्र में हॉकी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, प्रांत संपर्क प्रमुख तारकेश मिश्रा, सचिव बाल गोविंद जायसवाल, हॉकी संघ के सचिव तारीक, वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक गोपाल दास, प्रताप दास प्रभात सिंह नैतिक दास महेंद्र पाल राकेश साहू एवं खिलाड़ीगण उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर शिक्षक कल्याण संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** छग राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा, प्रदेश महा मंत्री मुकुन्द केशव उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे दो सूत्रीय बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। पुरस्कृत संघ के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने माननीय मंत्री जो को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जावे। पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न (पारी बाहर) पदोन्नति दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी भी प्रकार की छत्तीसगढ़ शासन को वित्तीय भार नही आएगा। प्रदेश महामंत्री मुकुन्द उपाध्याय ने कहा कि शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के कारण महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को पूरा करने की अपील किया गया है।

### भाजयुमो प्रदेश कोषाध्यक्ष ने 7 दिवसीय मेले का किया शुभारंभ



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अंतर्गत विभिन्न वार्डों व विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग स्तर से गजानंद स्वामी विराजे हुए हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा के दुर्गा पंडाल में श्रीगणेश विराजे हैं, जहां पूर्व पार्षद पवन गुप्ता व घुड़देवावासियों के सहयोग से गणेश चतुर्थी के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के लिए मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार का झूला लगाया गया है। उक्त मेले का आयोजन 7 दिवसीय के लिए आयोजित किया गया है। जिसका शुभारंभ रविवार को भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा व क्षेत्र के पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता द्वारा फीता काट व श्रीफल तोड़कर किया गया। साथ ही उक्त मेले का आयोजन के लिए पूर्व पार्षद पवन गुप्ता सहित उनके सहयोगियों का सहरानीय पहल बताया। विकास झा ने कहा कि हम सब मिलकर बांकीमोंगरा नगर को सर्वश्रेष्ठ नगर पालिका बनाने का काम करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 17 घुड़देवा पार्षद श्रीमती रुबी गुप्ता, पूर्व एल्डरमैन परमानंद सिंह, सुरेश चौधरी, प्रशनना नायक, नितेश गुप्ता, नीरज राज, दीपक राज, मंयक चौहान, राहुल केंवट, शुभम गुप्ता, प्रकाश झा, प्रमोद खांडे, मुकेश झा, अनूपम दास, श्रीमती गौरी केंवट व कई महिलाएं सहित वार्डवासी शामिल रहे।

### पीजी कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में सोमवार को अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, समिति के सभी सदस्य तथा कॉलेज प्राचार्य की उपस्थिति में भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिसर में नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को कक्ष संबंधी असुविधा से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ आगे होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण वातावरण मिल सके।भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रलोक सिंह, डॉ. एसके गोभिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप शुक्ला, केएस कंवर, डॉ. आरबी शर्मा, केआर. टंडन, सांसद प्रतिनिधि रवि सोनी, पार्षद राकेश वर्मा, समिति सदस्य विवेक रजवाड़े, राम यादव, युराज चंद्रा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हाथों में लिए थे तख्ती जिसमें लिखा था न आटा है न दाल

# हड़ताली स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली बाइक रैली



रैली निकालते एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक सप्ताह से एनएचएम स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण अंचलों की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो गई है। उप स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मरीज बैरंग लौट रहे हैं। हड़ताल की इस कड़ी में सोमवार को हड़ताली स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घंटाघर से बाइक रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

हड़ताली कार्यकर्ता घंटाघर चौक में एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इस दौरान उनके द्वारा सड़क की सफाई से लेकर आम शहरवासियों से भीख मांगने से लेकर पुतला दहन जैसे चरणबद्ध आंदोलन किए जाते रहे हैं। प्रदेश संगठन प्रभारियों ने भी इनके आंदोलन को धरना स्थल पर आकर संबोधित किया। अपनी नियमितिकरण जैसी प्रमुख मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे एनएचएम स्वास्थ्य कार्यकर्ता भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर पॉम्प्लेट बांटने का भी कार्य कर रहे हैं जिसमें मोदी की गारंटी सहित घोषणा पत्र में किए गए वादों को याद दिलाया जा रहा है। हड़ताल में एनएएम से लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, संविदा डॉक्टर एवं लेखापाल सहित सभी पद के कर्मचारी शामिल हैं। जिनके नियमितिकरण प्रमुख मांग है। इनका कहना है कि पिछले लंबे समय से वह संविदा में ही काम कर रहे हैं जबकि मध्यप्रदेश में नियमितिकरण का काम हुआ है। ऐसे में छग की सरकार विधानसभा चुनाव के पूर्व वायदा किया था जिसपर आज तक कार्यवाही नहीं हो रही है। सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने लामबंद होकर एक लंबी बाइक रैली निकाली जो घंटाघर से होकर निहारिक, सुभाष चौक कोसाबाड़ी होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मंच ने किया प्रदर्शन




आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मंच ने भी शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने सहित अन्य मांगों को लेकर आईटीआई चौक में सोमवार को धरना दिया। जिसे मंच के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि बीते लंबे समय से उनसे सभी तरह के शासकीय कार्य कराये जा रहे हैं लेकिन आज तक उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है। 2 अक्टूबर 1975 को जब से आईसीडीएस की स्थापना हुई तब से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों में कार्य कर रही है इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनके माध्यम से हो रहा है। सेवा करते हुए 50 वर्ष पूरा होने के बाद भी उन्हें न तो शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया गया है और न ही न्यूनतम मजदूरी, पेंशन, ग्रेज्यूटी समूह बीमा, चिकित्सा जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही है। अभी पारिश्रमिक मानदेय के रुप में कार्यकर्ता को 45 सौ और सहायिका को 2250 रुपए दिया जा रह है।

### ठेका श्रमिकों ने दीपका सायलो को रोकने की दी चेतावनी




एनटीपीसी सीपत बिलासपुर से सैलो दीपका तक कोयला रेल पटरी में गैंगमेन, की मेन, पोलिग मेन, दाली मेन, गेट मेन के रूप में पिछले 17 वर्षों से कार्यरत हैं जिसका दैनिक वेतन अभी तक ग्रेट सी पे सेमी स्कील्ड में 632/ की दर से मजदूरी दिया जा रहा है। जिसमें भविष्य निधि एसई कटकर कुल माह में 12 हजार से 13 हजार रूपये मिलता है। जिसके खिलाफ श्रमिकों ने दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी के लिये पूर्व में आवेदन दिया जा चुका है उसके बावजूद एनटीपीसी सीपत बिलासपुर प्रबंधन एवं शासन प्रशासन के द्वारा मजदूरी दर में बढ़ोतरी नहीं करने के कारण क्षुब्ध होकर मजदूर 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन नेवसा ओव्हर ब्रीज के नीचे शांतिपूर्वक करते हुए चले आ रहे हैं परन्तु एनटीपीसी सीपत बिलासपुर एवं शासन प्रशासन के द्वारा ठेका श्रमिकों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसे देखते हुए 3 सितंबर को मालगाड़ी रोकने का काम किया जाएगा।

# एसईसीएल ने अगस्त में दर्ज किया रिकॉर्ड ओबीआर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने अगस्त माह में ओवर बर्डन रिमूवल का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। अगस्त माह में कंपनी ने 25.17 मिलियन क्यूबिक मीटर का ओबीआर कर स्थापना से अब तक किसी भी अगस्त माह में सर्वोच्च ओबीआर की उपलब्धि दर्ज की है।

अगस्त माह के लिए निर्धारित 21.17 मिलियन क्यूबिक मीटर के लक्ष्य की तुलना में एसईसीएल ने 115.8 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। वहीं अगस्त 2024 में प्राप्त 13.62 मिलियन क्यूबिक मीटर की तुलना में इस वर्ष उल्लेखनीय 84.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि कोयला उद्योग में ओपनकास्ट खदानों से कोयला निकालने से पूर्व मिट्टी, पत्थर आदि की परतें हटानी पड़ती हैं, जिन्हें ओवरबर्डन कहा जाता है। इस कार्य को ओवर बर्डन रिमूवल कहते हैं। ओबीआर कोयला उत्पादन का एक महत्वपूर्ण निष्पादन मानदंड है क्योंकि इसके माध्यम से भविष्य के उत्पादन हेतु कोयला सीम को तैयार किया जाता है। एसईसीएल द्वारा अपने मेगाप्रोजेक्ट्स में ओबी हटाने के लिए ब्लास्टिंग-रहित रिपर तकनीक के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी रूप से ओबी हटाना संभव हुआ है। विदित हो कि एसईसीएल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 360 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर का लक्ष्य सौंपा गया है, जिसकी ओर कंपनी मजबूती से अग्रसर है।

# उर्वरक विक्रय दुकानों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दुकानों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते अधिकारी।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर कार्यालय उप संचालक कृषि कोरबा के जिला स्तरीय टीम द्वारा दुकानों में छापेमारी सतत की जा रही है। सोमवार को कृषि विभाग की टीम द्वारा जिले के खाद दुकानों का निरीक्षण किया। श्याम खाद भण्डार उरगा तथा सोनरक्षा कृषि केन्द्र कुदुरमाल में खाद विक्रय का निरीक्षण में पाया गया कि उक्त दुकानों में वर्तमान स्थिति में खाद का भण्डारण निरंक है। पटेल कृषि केन्द्र में कीटनाशक दवाओं का निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि ने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 6298.46 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया था जबकि इस वर्ष 2025-26 में 6494.625 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में जिले मे कुल खाद भण्डारण का लक्ष्य 20637 मेट्रिक टन था जिसके विरूद्ध आज की स्थिति में 17007.62 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है जिसमें से 16270.23 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जिले में यूरिया खाद मांग के अनुरूप खाद का भंडारण किया जा चुका है जिन स्थानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नही है उन स्थानों पर सहकारी समितियों के द्वारा खाद की मांग डी डी जमा किया जा चुका है । शासन से खाद उपलब्ध होते ही समितियों में तत्काल भंडारण किया जायेगा। वर्तमान में नई तकनीकी द्वारा विकसित नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का समितियों में भण्डारण 1544 नग (बॉटल) उपलब्ध है जबकि कुल 25246 नग (बॉटल) भंडारण किया गया था जिसमें से कृषकां द्वारा 23702 नग नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग कर लिया गया है । शासन के दिशा निर्देशानुसार उर्वरक विक्रय हेतु पी.ओ.एस. मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों का विक्रय सुनिश्चित करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया है। जिसके कारण उर्वरक का विक्रय एवं उपलब्धता की स्थिति का निरीक्षण जिला स्तर पर लगातार किया जा रहा है अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया जा रहा है।

# हाथी की दस्तक से रात में पॉवरकट तो दिन में भी नहीं हो पा रही विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में जो हाथी प्रभावित क्षेत्र है हाथी की धमक देते ही पूरी रात सुरक्षा की दृष्टि से बिजली को बंद कर दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर सुबह होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में पीने की पानी की आपूर्ति सहित अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। लगातार स्थिति बिगड़ती ही जा रही है।

**खास बात**

- वनांचल क्षेत्र के जिल्गा बरपाली सहित एक दर्जन गांव हैं प्रभावित

मामला जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जिल्गा बरपाली क्षेत्र की है यह पूरा इलाका हाथी प्रभावित क्षेत्र है। कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाला जिल्गा, बरपाली, कुदमुरा, चचिया, कटकोना, बासिन, तौलीपाली सहित आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। इस क्षेत्र में अक्सर हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। हाथियों के पहुंचते ही देर शाम को सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत वितरण विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर सुबह होने के बाद भी लगातार विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके चलते इस क्षेत्र में लगातार समस्या बढ़ती ही जा रही है। हर दूसरे दिन सुबह में भी घंटों विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों को ना तो पर्याप्त पानी मिल पा रहा है ना ही अन्य सुविधा मिल पा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग एक दर्जन गांव हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। जहां रात में तो निश्चित तौर पर विद्युत आपूर्ति ठप होती ही है लेकिन वहीं सुबह विद्युत आपूर्ति लगातार ठप होने से उनकी समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है और ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में स्थाई रूप से लाइनमेन काम नहीं करने की वजह से यह स्थिति निर्मित होती है। मामूली फाल्ट आने पर भी उसे व्यवस्था को दुरुस्त करने में कई घंटे का वक्त लग जाता है। बताया जाता है कि कुदमुरा इस क्षेत्र का मुख्यालय है जहां एक ही लाइनमैन की पोस्टिंग है जो दर्जनों गांवों को देखता है जिसके कारण ऐसी स्थिति लगातार निर्मित हो रही है। बताया जाता है एक लाइनमैन के भरोसे दर्जनों गांव विद्युत व्यवस्था का कामकाज चल रहा है जिसके चलते दिन में भी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

### वनांचल क्षेत्र होने की वजह से ज्यादा है समस्या

विद्युत वितरण विभाग के कोरबा ग्रामीण के डीई शत्रुघन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुदमुरा व उसके आसपास लगभग एक दर्जन गांवों को करतला सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। यह इलाका हाथी प्रभावित क्षेत्र है जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टिकोण से हाथी की सूचना पर रात को विद्युत आपूर्ति ठप की जाती है लेकिन दिन में विद्युत आपूर्ति पुनः चालू कर दी जाती है लेकिन अभी भी बरसात व आंधी तूफान का दौर जारी है जिसके चलते बार-बार फाल्ट की समस्या बनी रहती है। हालांकि विभाग लगातार इस इलाके में व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास कर रहा है आने वाले कुछ महीनो में इस इलाके में विद्युत व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाएगा।

# नशे और अवैध शराब पर कार्रवाई, 44 आरोपियों से 646 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस अवैध शराब के खिलाफ विशेष मुहीम चला रही है और शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। पिछले 15 दिनों में जिला पुलिस ने 646 लीटर महुआ शराब जप्त कर 44 लोगों को गिरफ्तार किया है।

जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस द्वारा 16 से 31 अगस्त तक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर तथा समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के मार्गदर्शन में 15 दिनों में पुलिस ने 646 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है और 44 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों की पुलिस टीमों द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। इस सख्त कार्रवाई में कुल 44 मामले दर्ज किए गए। जिसमें थाना पाली में 10 प्रकरण में 139 लीटर शराब, थाना हरदीबाज़ार में 4 प्रकरण में 109 लीटर शराब, थाना कटघोरा में 4 प्रकरण में 102 लीटर शराब, थाना उरगा में 6 प्रकरण में 98 लीटर शराब, थाना दीपका में 10 प्रकरण में 44 लीटर शराब, चौकी कोरबी में 2 प्रकरण में 30 लीटर शराब, थाना बाँकीमोंगरा में 4 प्रकरण में 25 लीटर शराब, थाना बांगो में 2 प्रकरण में 25 लीटर शराब, थाना करतला में 2 प्रकरण, 16 लीटर शराब, थाना सिविल लाइन में 1 प्रकरण में 16 लीटर शराब, थाना कोतवाली में 1 प्रकरण में 13 लीटर शराब, चौकी मानिकपुर में 1 प्रकरण में 14 लीटर शराब, चौकी जटगा में 2 प्रकरण में 8 लीटर शराब, चौकी रजगामार में 1 प्रकरण में 4 लीटर शराब जप्त किया गया है।

# सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी को दी गई विदाई



विदाई समारोह में उपस्थित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के मुख्य चिकित्सालय में पदस्थ कक्ष सेवक पी. बुसैय्या अगस्त में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। इनके सम्मान हेतु समारोह का आयोजन संयंत्र स्थित प्रशासनिक भवन में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल कि अध्यक्षता में एवं अति. मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, सुनील सरना, वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी एवं डॉ. एस. सी. खरे के विशिष्ट आतिथ्य में तथा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण, युनियन के पदाधिकारीगण एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के परिवारजजों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई।

*****कोरबा।** केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा सतर्कता विभाग, एसईसीएल बिलासपुर के मार्गदर्शन में एसईसीएल दीपका क्षेत्र में त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 के अंतर्गत 30 अगस्त को महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में सतर्कता शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने निष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ काम करने की शपथ ली।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल कॉम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




## मामला जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत गोढ़ी का

# गौठान में कब्जाकर बना लिया मकान, बेदखली के लिए पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा ग्रामीण अंचलों में बनाए गए गौठान अब बेजा कब्जा की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। गौठानों की सामनों की चोरी होने के बाद न तो उसकी शिकायत की गई है और न उसके रखरखाव के लिए कोई कार्ययोजना बनी है। ऐसे गौठान अब बेजा कब्जा के भेंट चढ़ते जा रहे हैं। जिसकी बेदखली के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशासन की शरण में आना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत गोढ़ी का सामने आया है। जहां के सरपंच, उपसरपंच सहित पंच और ग्रामीण सोमवार को जनदर्शन में कलेक्ट्रेट पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय गांव में गौठान बनाने हेतु ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर 3 एकड़ जमीन गौठान निर्माण हेतु तथा 7 एकड़ जमीन चारागाह के लिए प्रशासन को दी थी। जिसमें गौठान का निर्माण कर तमाम तरह की सुविधाएं दी गई थी।



कलेक्ट्रेट पहुंचे गोढ़ी पंचायत के प्रतिनिधि।

सत्ता परिवर्तन के बाद गांव में बने गौठान के उपयोग के लिए जब किसी तरह की प्रशासनिक और शासन स्तर से कोई योजना नहीं बनी तो खाली पड़े जमीन में गांव के ही लोगों के द्वारा गौठान के जमीन में कब्जा किया जा रहा है। कुछ लोगों ने मकान बनाकर फेंसिंग कर लिया गया है। ऐसे लोगों के खिलाफ बेदखली की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन से मांग की जा रही है ताकि जिस उपयोग के लिए जमीन प्रस्ताव पारित कर दी गई है जमीन का उपयोग उसके लिए ही किया जा रहा है।

### सभी गौठानों में यही स्थिति

गौठान निर्माण के बाद जैसे सत्ता परिवर्तन हुआ गांव में बने गौठानों की स्थिति बेजाकब्जा जैसे हो गई है। सोलर पैनल, सबमर्शिबल पंप, सीमेंट के खम्भे और तार तथा एम्बेस्डेड शीट चोरी चले गए हैं जिसपर किसी तरह की शिकायत पुलिस प्रशासन तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं की। जबकि जमीन का प्रस्ताव पंचायत से ही पारित हुआ था ऐसे में गौठान की संपत्ति की सुरक्षा की पंचायत के जिम्मे हैं लेकिन सामान चोरी होने की घटना को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने गंभीरता नहीं दिखाई।